# छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक7 (A)सेक्टर–24, नवा रायपुर अटलनगर(छ.ग.)
दूरभाष - 0771-2972124,2972125, 2972126
Website-http://rvvn.cgstate.gov.in, E-mail- vanvikasnigam@yahoo.com
CIN - U01135CT2001SGC014669,GSTN - 22AACCC2857LAZF


क्र./वविनि/03/2022/1352 नवा रायपुर/दिनांक..15/06/2022

## विज्ञप्ति

**विषय –** **छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में लेखापाल एवं कनिष्ठ लेखापाल के पद पर सीधी भर्ती हेतु कौशल परीक्षा की आयोजन के संबंध मे।**

संदर्भ – छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि. की विज्ञप्ति क./वविनि/2022/906, दिनांक 13.05.2022

विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि., नवा रायपुर द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांक 13.05.2022 के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर लेखापाल एवं कनिष्ठ लेखापाल के पद पर पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी किया गया था। पात्र अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा में उपस्थित होने बाबत व्यक्तिगत बुलावा पत्र भी प्रेषित किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को बुलावा पत्र प्राप्त नही होता है तो भी इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांक 13.05.2022 के द्वारा जारी सूची के अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में उपस्थित होवें। लेखापाल पद/कनिष्ठ लेखापाल पद के पात्र अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा अंतर्गत कौशल परीक्षा विवरण निम्नानुसार है:-

| विवरण | पूर्णांक |
|---|---|
| कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा) | 50 अंक |

**उक्त परीक्षा शासकीय कन्या पॉलीटेक्नीक, बैरन बाजार, रायपुर छत्तीसगढ़ में दिनांक 25 जून 2022 को प्रातः 11.30 बजे आयोजित है। इस परीक्षा के लिए प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी परीक्षा में अपने साथ निम्नलिखित मूल अभिलेख एवं सत्यापित छायाप्रति अनिवार्य रूप से रखेः–**

1. व्यापम से जारी प्रवेश पत्र।
2. आधार कार्ड।
3. दो फोटो ग्राफ्स पासपोर्ट साईज।
4. बी–कॉम डिग्री/अंकसूची।
5. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एंट्री का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति का प्रमाण पत्र।
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास/जाति/आय प्रमाण पत्र।
7. आयु संबंधी प्रमाण हेतु कक्षा 10वीं की अंकसूची।
8. अन्य संस्था में कार्यरत होने पर नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र।
9. कनिष्ठ लेखापाल पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीण का प्रमाण पत्र।

छ.ग. राज्य वन विकास निगम
15/06/22
प्रबंध संचालक